# 2018

## HINDI

## ( Major )

Paper : 5.5

## ( हिन्दी निबंध साहित्य )

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) अध्यापक पूर्णसिंह द्वारा लिखित पाठ्य निबंध का नाम क्या है?

(ख) 'कवियों की ऊर्मिला विषयक उदासीनता' शीर्षक निबंध पर किस निबंध का प्रभाव है?

(ग) रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'उपासना' को साहित्य में क्या कहा जाता है?

(घ) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी निबंध को क्या मानते हैं?

(ङ) रामधारी सिंह 'दिनकर' द्वारा रचित पाठ्य निबंध का नाम लिखिए।

(च) विद्यानिवास मिश्र के अनुसार 'हिमालय' किसका प्रतीक है?

(छ) हरिशंकर परसाई किस प्रकार के निबंधकार हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) 'निबंध' के तत्त्वों का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) ऊर्मिला ने क्यों आत्मोत्सर्ग किया है?

(ग) मजदूरी और कला में क्या अंतर है?

(घ) राहुल सांकृत्यायन के निबंधों की दो विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) 'निबंध' को परिभाषित कीजिए।

(ख) 'कवियों की ऊर्मिला विषयक उदासीनता' शीर्षक का तात्पर्य क्या है?

(ग) रामचंद्र शुक्ल ने कविता की क्या परिभाषा दी है? पाठ्य निबंध के आधार पर लिखिए।

(घ) बालमुकुंद गुप्त के निबंधों की विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

(ङ) निबंधकार के रूप में विद्यानिवास मिश्र पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

**4.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

''नीलकंठ एक गम्भीरतर दुःख की तलाश में है। दुनिया में दुःख तो बहुत है, परंतु आगम-अगाध गम्भीर दुःख बहुत ही कम!''

**अथवा**

मनुष्य एक है। उसके सुख-दुःख को समझना, उसे मनुष्यता के पवित्र आसन पर बैठाना ही हमारा कर्तव्य है।





**5.** हिन्दी निबंध की विकास-यात्रा में महावीर प्रसाद द्विवेदी के योगदान को रेखांकित कीजिए। 10

**अथवा**

शुक्लोत्तर निबंध-साहित्य का संक्षेप में परिचय दीजिए।

**6.** 'अस्ति की पुकार हिमालय' **अथवा** 'वसंत आ गया' शीर्षक निबंध के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए। 10

★ ★ ★